
सुविचार



संपदा को जोड़-जोड़ कर रखने वाले को भला क्या पता कि दान में कितनी मिठास है।

- आचार्य श्रीराम शर्मा

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , शनिवार,2 मई 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार

- रायपुर हंस में मूंछ की लड़ाई, हर बार खून-खराबे पर आई -II
- मई दिवस पर श्रमिक अधिकारों को लेकर गरजे संगठन- III
- मातृभाषा के माध्यम से ही संभव है ज्ञान का प्रसार- IV

## सिटी ब्रीफ

### जिला अस्पताल में रैनबसेरा के गद्दों में आग

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रैनबसेरा के जीने में रखे फोम के गद्दों में आग लग गई। अस्पताल कर्मियों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। दमकल की टीम मौक पर पहुंची। उससे पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार, आग केवल जीने में रखे फोम के गद्दों तक ही सीमित रही।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज ही होगा

**बरेली, अमृत विचार :** जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण संशोधन किया है। पूर्व में जारी रोस्टर में हुई त्रुटि को सुधारते हुए स्पष्ट किया गया है कि इस माह प्रथम समाधान दिवस 5 मई नहीं, बल्कि 2 मई को ही होगा। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मई माह की तिथि में हुई गलती को अब दुरुस्त कर दिया गया है। 26 दिसंबर 2025 को जारी रोस्टर में मई 2026 के प्रथम शनिवार की तिथि गलती से 5 मई अंकित हो गई थी, जबकि वास्तविक तिथि 2 मई है।

### ई-श्रम योजना में 19 लाख पार पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** ई-श्रम योजना में जिले में अब तक करीब 19 .59 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है। इससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उपश्रमायुक्त डीपी सिंह ने कहा कि बरेली में ई-श्रम कार्ड के जरिए मजदूरों को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

## शहर में आज

- बरेली कॉलेज हिंदी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन एमएड सभागार में सुबह 10 बजे से।
- श्री श्याम श्याम रसिक परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्री हरि मंदिर माडल टाउन में शाम 5 बजे से 9 बजे।
- सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे।

# मुश्किल में किसान, मुआवजे के बिना टूट रहे घर-घर के अरमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की महत्वाकांक्षी रिंग रोड परियोजना अब मुआवजे के विवादों की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। 32 गांवों से गुजरने वाली इस 29 किमी लंबी सड़क के लिए जमीन देने वाले सैकड़ों किसान अब दफ्तरों के चक्कर काट रहेके हैं। परियोजना का 78 फीसदी काम और 585 करोड़ का भुगतान तो हो चुका है, लेकिन शेष 167 करोड़ रुपये की फाइलें एसएलओ कार्यालय की धूल फांक रही हैं।

पस्तोर के 60, सरनिया के 15 और रोठा के 40 काश्तकारों समेत कई गांवों का पैसा अब तक नहीं मिला है। नियमों के मुताबिक, 80 प्रतिशत मुआवजा वितरण के बिना काम शुरू नहीं किया जा सकता। किसानों का कहना है कि किसी के घर में बेटी की शादी है तो किसी को कर्ज चुकाना है, लेकिन लेखपाल और बाबू उन्हें एक खिड़की से दूसरी खिड़की पर टरका रहे हैं। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह का कहना है कि तहसीलों से रिकॉर्ड देरी से आने और कुछ गांवों का अवार्ड समय पर न होने की वजह से भुगतान प्रक्रिया में विलंब हुआ है।



मुआवजे के लिए बैठे किसान। ● अमृत विचार

- एसएलओ कार्यालय के चक्कर काट रहे 32 गांवों के किसान 167 करोड़ मुआवजा अटका



सरनिया के मोहम्मद आसिम की तीन एकड़ जमीन रिंग रोड के लिए ली गई है। आधा भुगतान तो मिला, लेकिन शेष राशि पांच महीने से अटकी है। आसिम का आरोप है कि एसएलओ कार्यालय के चक्कर काटकर थक चुके हैं, वहां बिना ''सुविधा शुल्क'' के फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही।



पस्तौर के मंगली राम की दो बीघा जमीन अधिग्रहित हुई है। उनका आरोप है कि लेखपाल की ओर से भेजी गई आधी-अधूरी जानकारी मुआवजे में बाधा बनी है। तीन महीने से डीएम व एसएलओ कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका है।



पस्तौर निवासी ज्ञान प्रकाश की 16 बीघा जमीन रिंग रोड की भेंट चढ़ गई है। दो महीने से भटक रहे ज्ञान प्रकाश का कहना है कि लेखपाल ने फाइल अटका रखी है। एसएलओ से भी कई बार गुहार लगाई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।



पस्तौर के नत्थूलाल की तीन बीघा जमीन अधिग्रहित हुए पांच महीने बीत चुके हैं। उनका आरोप है कि एसएलओ कार्यालय के कर्मचारी बात सुनना तो दूर, देखते ही टरका देते हैं। भुगतान न होने से उनके सामने अब गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



पस्तौर के सोहनलाल के घर 22 मई को शादी है। उनकी 14 बीघा जमीन अधिग्रहण की जा चुकी है, लेकिन छह महीने से कलेक्ट्रेट और एसएलओ कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद भुगतान नहीं मिला। मुआवजे के अभाव में शादी की तैयारियों पर संकट है।



पस्तौर के भागीरथ का आरोप है कि एसएलओ कार्यालय में दलाली हावी है। हमारी जमीन जा रही है और यहां हमसे ही कमीशन मांगा जाता है। कहा कि रिंग रोड में पांच बीघ जमीन चली गई, जिसमें अब तक महज दो बीघा जमीन का ही मुआवजा मिला है।

## कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में बरेली से पहुंचे पांच कांग्रेसी

**बरेली, अमृत विचार :** मजदूर दिवस व बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी सभागार केसरबाग में आयोजित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के शिक्षा एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में बरेली से पांच सदस्य ही पहुंच सके। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि भीषण गर्मी में मजदूर और किसान कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान नहीं है। डॉ. मेहंदी हसन ने कहा कि जो सरकार श्रमिकों को उनके अधिकार नहीं देती, वह अधिक समय तक सत्ता में नहीं टिकती। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि बरेली से भी कांग्रेसियों की टीम पहुंची थी।

# शिक्षिका की मौत पर जागे जिम्मेदार कुत्ता पकड़ने का विरोध कहीं समर्थन

## कर्मचारी नगर इलाके में नगर निगम टीम के खिलाफ मैदान में उतरे पशु प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कर्मचारी नगर इलाके में आवारा कुत्तों के दौड़ाने पर बाइक से गिरकर रिटायर्ड शिक्षिका की मौत के बाद नगर निगम ने आवारा कुत्तों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। टीम ने 15 कुत्ते पकड़ लिए। हालांकि इस दौरान टीम को पशु प्रेमियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

बुधवार सुबह 65 वर्षीय मंजू सक्सेना बेटे के साथ अपने दामाद के घर बाइक से जा रही थीं। आवारा कुत्ते उन पर दौड़ पड़े। कुत्तों से डरकर मंजू सक्सेना संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिरकर उनकी मौत हो गई। इस घटना को अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद नगर निगम प्रशासन सक्रिय हुआ। नगर आयुक्त संजीव मौर्य के निर्देश पर कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया।

कर्मचारी नगर में लोगों और पशु प्रेमियों ने कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। बहस और नोकझोंक की स्थिति बन गई। कुछ लोगों ने कुत्तों को अपने घरों में छिपा लिया। हालांकि निगम अधिकारियों के समझाने पर लोग शांत हुए, लेकिन विरोध पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। विरोध के बीच भी निगम टीम ने 15 कुत्तों को पकड़ लिया।



● नगर निगम दस्ते से जिरह करते लोग। अमृत विचार



● पकड़े गए कुत्ते। अमृत विचार

- कुत्तों से डरकर बाइक से गिरकर शिक्षिका की हो गई थी मौत

### पार्षद नवल मौर्या की पहल पर कई डॉगी दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के बीच नगर निगम की टीम ने शुक्रवार सुबह अभियान चलाकर विस्तार पार्क, त्रिवेणी और केसर वाटिका क्षेत्र से 14 कुत्तों को पकड़ा। टीम के पहुंचते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया, लेकिन लोगों राहत की सांस भी ली। लाजपत नगर में अभियान अगले सप्ताह भी चलाया जाएगा। पार्षद नवल किशोर मौर्या के प्रयास से यह कार्रवाई की गई है।

# गेहूं खरीद को नोडल अफसर तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने अब कमर कस ली है। जिले में गेहूं खरीद की निगरानी के लिए तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके तहत एसडीएम, बीडीओ और खाद्य विपणन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अपने-अपने क्षेत्रों के केंद्रों का निरीक्षण करेंगे ताकि व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें।

इनका मुख्य जोर केंद्रों पर गेहूं की आवक बढ़ाने, किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच करने और खरीद प्रक्रिया में आने वाली किसी भी तकनीकी या व्यावहारिक बाधा को तत्काल दूर करने पर रहेगा। वर्तमान आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में अब तक 13,321 किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अपना पंजीकरण कराया है। हालांकि, पंजीकरण की तुलना में अब तक केवल 3,000 किसानों ने ही सरकारी केंद्रों पर फसल बेची है, जिसे बढ़ाने के लिए अब नोडल अफसर सीधे किसानों से संवाद कर उन्हें केंद्रों तक लाने का प्रयास करेंगे।

डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि जिले में 64 हजार एमटी के सापेक्ष अब तक मात्र 18 हजार एमटी ही खरीद हो सकी है। लक्ष्य और वर्तमान स्थिति के बीच इस बड़े अंतर का मुख्य कारण बाजार में गेहूं के ऊंचे दाम माने जा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, खुले बाजार में एमएसपी से 100 रुपये क्विंटल तक अधिक दाम दिए जा रहे हैं, जिस वजह से किसान सरकारी केंद्रों के बजाय आढ़तियों को फसल बेचना बेहतर समझ रहे हैं। ऐसे में नोडल अधिकारियों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती लक्ष्य को समय रहते पूरा करने और किसानों को सरकारी व्यवस्था के प्रति प्रोत्साहित करने की होगी।



डेलापीर मंडी में बिक्री के गेहूं लेकर पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

- किसानों की समस्याओं का भी मौके पर होगा निस्तारण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश
- एसडीएम और बीडीओ करेंगे निगरानी, एमएसपी पर भारी पड़ रहे खुले बाजार के दाम

# बारिश से पहले 213 नालों की सफाई पर खर्च होंगे 5 करोड़



सैटेलाइट बस स्टैंड के पास गंदगी से पटा नाला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मानसून की दस्तक से पहले समार्ट सिटी को डूबने से बचाने के लिए नगर निगम ने रणनीति तैयार कर ली है। शहर के 213 बड़े नालों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिस पर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

पिछले साल सैटेलाइट बस स्टैंड, पुराना शहर, जोगी नवादा जैसे इलाकों में हुए भारी जलभराव और ड्रेनेज हादसों से सबक लेते हुए, इस बार नगर निगम प्रशासन सफाई कार्य को लेकर बेहद गंभीर है।निगम का लक्ष्य है प्री-मानसून बारिश से पहले सभी छोटे-बड़े नालों से सिल्ट निकालकर पानी की निकासी को सुगम बना दिया जाए। नालों की सफाई का जिम्मा नगर स्वास्थ्य और निर्माण विभाग के कंधों पर है। जिसमें निगम कार्ययोजना के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के कंधों पर 193 बड़े नालों की जिम्मेदारी है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानु प्रकाश ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही जमीनी स्तर पर काम शुरू होगा। वहीं, निर्माण विभाग शहर के उन 20 अति-महत्वपूर्ण और गहरे नालों की विशेष सफाई कराएगा, जो शहर की मुख्य ड्रेनेज लाइन का हिस्सा हैं।

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी के मुताबिक 20 में से 16 प्रमुख नालों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

- स्वास्थ्य विभाग को 193, निर्माण विभाग को मिला है 20 बड़े नालों की सफाई कराने का जिम्मा

### नालों से स्लैब नहीं हटाए तो तोड़े जाएंगे

सिविल लाइंस, कुतुबखाना, पटेल चौक, किला, सिकलापुर,आलमीगिरीगंज, सुभाषनगर, बदायूं रोड आदि जगहों पर नालों पर दुकानदारों ने आगे स्लैब डाल दिए हैं। स्लैब के कारण नालों की सफाई नहीं हो पाती। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगर स्लैब नहीं हटाए गए तो तोड़े जाएंगे। नाला सफाई में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

### खुले नालों की घेराबंदी से बढ़ सकती है मुसीबत

सेटेलाइट बस स्टैंड में बने नाले में गिरने से पिछले दिनों ट्रक चालक तौहीद की जान चली गई थी। इस घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने शहर में खुले नालों के किनारे करीब तीन से चार फीट ऊंची लोहे की मजबूत रेलिंग लगा दी। नाला सफाई के दौरान रेलिंग टूटने का डर बना रहेगा, यही नहीं सफाई कर्मियों का भी नाले में उतरकर तली झाड़ सिल्ट निकालने में समस्या आ सकती है।

## बारिश में ओएचई लाइन खराब, 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी और बारिश के बीच गुरुवार रात हापुड़-कुचेसर रेलखंड में ओएचई लाइन में तकनीकी खराबी के कारण 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं।

12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 15127 तीन-तीन घंटे देरी से आई। इसके अलावा इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12430 एसी सुपरफास्ट ने भी इंतजार कराया। ओएचई फेल होने के कारण खासकर विशेष गाड़ियों की समय सारिणी गड़बड़ा गई। 04010 दिल्ली-समस्तीपुर विशेष ट्रेन ने चार घंटे, 04213 अयोध्या-आनंद विहार विशेष ट्रेन ने दो घंटे इंतजार कराया। 05301 मऊ-अंबाला विशेष ट्रेन छह घंटे देरी से और 05576 आनंद विहार-सहरसा ट्रेन पांच घंटे देरी से आई।

# श्रमिकों को दी 56.4 लाख की सौगात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विकास भवन सभागार में बुधवार को श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम मेंडीएम अविनाश सिंह ने श्रमिकों को राष्ट्र का निर्माण शिल्पी बताया। कहा कि देश और समाज की उन्नति का आधार श्रमिकों का कठिन परिश्रम है। डीएम ने कामगारों को सम्मानित करते हुए सेवायोजकों को सख्त निर्देश दिए कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और ईएसआई-पीएफ जैसी सुविधाओं से वंचित न रखें।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत 31 लाभार्थियों को कुल 56.40 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे गए। इसमें निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता के आठ लाभार्थियों को 31.95 लाख रुपये और अक्षमता पेंशन व विकलांगता सहायता के दस लाभार्थियों को बीस लाख रुपये प्रदान किए गए। साथ ही मातृत्व एवं बालिका मदद योजना के तहत 16 महिलाओं को 4.45 लाख रुपये की मदद दी गई। अटल आवासीय विद्यालय के उन छह मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने दसवीं में जिले का नाम रोशन किया है।

विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी और उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों को लकर जागरूक किया।



विकास भवन में श्रमिकों को सम्मानित करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम बोले- न्यूनतम मजदूरी का करना होगा पालन, नहीं तो सेवायोजकों पर होगी कार्रवाई
- विकास भवन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मेधावी भी पुरस्कृत

# ठेकेदार पर फिर ठोका 50 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैरिकेडिंग न सुरक्षा, आमजन की जान से खिलवाड़ करना पड़ा भारी
- नोटिस के बाद भी नहीं सुधरी चाल, ब्लैकलिस्ट की चेतावनी

**अमृत विचार:** नगर निगम के ठेकेदार निर्माण कार्यों से जुड़े मामलों में लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद भी बेलगाम हैं। काम में सुधार न करने पर नगर निगम ने एक बार फिर ठेकेदार दुष्यंत कुमार पर 50 हजार का जुर्माना ठोंका है।

मामला वार्ड-46 का है, जहां मिनी बाईपास क्षेत्र में आरसीसी नाला निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था। अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की समय सीमा 10 अगस्त 2026 तय की गई थी, लेकिन निरीक्षण में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई। 1625 मीटर लंबे प्रस्तावित नाले के मुकाबले अब तक केवल 30 मीटर की खोदाई कर काम छोड़ दिया गया। निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखने और बैरिकेडिंग न करने को बेहद गंभीरता से लिया है। इससे पहले 30 मार्च को भी ठेकेदार को नोटिस थमाया गया था और 50 हजार रुपये का अस्थायी जुर्माना लगाया गया था। एक बार फिर ठेकेदार पर 50 हजार हजार का जुर्माना लगाया गया है। ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कार्य को अविलंब पूरा किया जाए।

# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से जुड़ी जमीन बिक्री पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवाबगंज के 17 और बहेड़ी के 58 गांवों में नहीं हो सकेंगे जमीन के सौदे

**अमृत विचार:** शामली-गोरखपुर ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की दिशा में बरेली प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। पीलीभीत के बाद अब बरेली की बहेड़ी और नवाबगंज तहसीलों के 64 गांवों में भी 'थ्री कैपिटल-ए' की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब जमीनों की खरीद-फरोख्त और भू-परिवर्तन पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नवाबगंज के 17 और बहेड़ी के 58 गांवों के लिए अधिग्रहण की कमान संभालते हुए राजस्व अभिलेखों को फ्रीज करने की तैयारी कर ली है, जिससे अब इन क्षेत्रों में जमीन का कोई भी नया सौदा नहीं हो सकेगा। करीब 700 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे का उद्देश्य पूर्वांचल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच सड़क मार्ग से आवागमन को सुगम बनाना है। बरेली जिले के कुल 68 गांवों से होकर गुजरने वाले इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दो अलग-अलग इकाइयों को दी गई है। नवाबगंज के 17 गांवों में अधिग्रहण का कार्य बरेली एनएचएआई देख रहा है, जबकि बहेड़ी में 51 गांवों के निर्माण और अधिग्रहण की जिम्मेदारी एनएचएआई मुरादाबाद को सौंपी गई है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक नवरत्न के अनुसार, थ्री-ए की घोषणा भूमि अधिग्रहण की दिशा में पहला बड़ा कदम है। इसके बाद अब राजस्व विभाग के माध्यम से किसानों से आपत्तियां मांगी जाएंगी।

मुश्किल | एनएचएआई को ट्रैफिक पुलिस के ग्रीन सिग्नल का इंतजार

# पहले रास्ते तय हों, फिर चौपुला पुल की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** चौपुला पुल की मरम्मत की कवायद शुरू हो गई है। हालांकि यातायात पुलिस की अनुमति के बिना काम अटका हुआ है। एनएचएआई बदायूं के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला का कहना है कि मरम्मत के लिए ठेका दिया जा चुका है और विभाग को बस पुलिस प्रशासन से ग्रीन सिग्नल मिलने का इंतजार है। दूसरी ओर एसपी ट्रैफिक ने कहा कि चूंकि पुल डेढ़ महीने तक पूरी तरह बंद रहेगा, इसलिए बिना ठोस योजना के जल्दबाजी नहीं की जाएगी। दो दिन में वैकल्पिक रास्तों पर मंथन के बाद डायवर्जन को लेकर एडवाइजरी जारी की जाएगी।

दरअसल, मरम्मत के दौरान होने वाले डायवर्जन से बदायूं रोड पर गन्ना मिल स्टैंड से बीडीए कॉलोनी गेट तक की लगभग 30 से 35 हजार की आबादी प्रभावित होगी। अभी तक जिन वैकल्पिक रूटों की बात कही जा रही है कि यदि उस पर डायवर्जन लागू होता है, तो बदायूं की तरफ से आने वाले वाहन लाल फाटक होकर निकलेंगे, जबकि सुभाषनगर और करगैना के लोगों को वाजपेयी स्वीट्स से रेलवे पुलिया से होकर गुजरना पड़ेगा, जिससे यहां यातायात का दबाव बढ़ना तय है और जाम के हालात बने रहेंगे। बड़े वाहन चालकों को रामगंगा तिराहा होकर शहर में आना पड़ेगा, जिससे दूरी करीब दस किलोमीटर बढ़ जाएगी। इसी समस्या को देखते हुए एसपी ट्रैफिक ने कहा है कि पहले रास्ते तय किए जाएंगे, उसके बाद आधिकारिक एडवाइजरी जारी होगी। 2009 में शुरू हुआ यह पुल बदायूं रोड जाने वाले वाहनों के लिए जीवनरेखा है। पुल के 30 एक्सपेंशन ज्वाइंट्स के बीच चार से पांच इंच का गैप बढ़ गया है, जिससे वाहनों को तेज झटका लगता है। बरसात में स्थिति बिगड़ने के बाद एनएचएआई को मरम्मत के लिए 1.46 करोड़ रुपये का बजट मिला है।



- पुल पर मरम्मत के चलते करीब तीस हजार आबादी होगी प्रभावित
- डेढ़ माह बना रहेगा संकट, छोटे वाहनों के लिए गलियों से निकलेगा रास्ता

> चौपुला पुल की मरम्मत के लिए करीब डेढ़ महीने तक आवाजाही बंद रहेगी, जिससे लगभग 30 हजार की आबादी प्रभावित होगी। हम जल्दबाजी में ऐसा फैसला नहीं लेंगे जिससे जनता को भारी असुविधा हो। मढ़ीनाथ और वाजपेयी स्वीट्स जैसे वैकल्पिक मार्गों पर मंथन किया जा रहा है। इन रास्तों की क्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही डायवर्जन की एडवाइजरी जारी की जाएगी।
>
> – मो .अकमल खां, एसपी यातायात

**न्यूज ब्रीफ**

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** किशोरी से दुष्कर्म करने और फिर हत्या की नीयत से नहर में धक्का देने के आरोपी सौरभ की दूसरी जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट (कोर्ट-3) नम्रता अग्रवाल ने खारिज कर दी है। विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने बताया कि हाफिजगंज क्षेत्र के रहने वाले सौरभ ने 30 मार्च की रात वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता ने बयान दिया कि शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के बावजूद आरोपी उसे लिठौर नहर के पास जंगल में ले गया, जहां दुष्कर्म के बाद उसे नहर में फेंक दिया।

### वकीलों ने की कोर्ट का समय बदलने की मांग

**विधि संवाददाता, बरेली :** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए बरेली बार एसोसिएशन ने न्यायालय के कार्य समय में परिवर्तन की मांग उठाई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला जज प्रदीप कुमार सिंह से मुलाकात कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कोर्ट रूम के अंदर एसी होने और बाहर अत्यधिक तापमान होने के कारण अधिवक्ताओं व वादकारियों को हीट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। आगरा, मथुरा और एटा की तर्ज पर बरेली में भी ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान कोर्ट का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक करने का अनुरोध किया गया है।

### बरेली जंक्शन पर दो यात्रियों में मारपीट



**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर गुरुवार की रात दो यात्रियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों यात्री एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते दिख रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि मारपीट के दौरान आरपीएफ या जीआरपी का कोई भी जवान नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि यह झगड़ा अवैध वेंडरों द्वारा बेचे जा रहे खाने-पीने के घटिया सामान को लेकर हुआ था। इस संबंध में जीआरपी इंस्पेक्टर एसके वर्मा ने बताया कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली। सभी प्लेटफॉर्म पर टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। बहरहाल यात्रियों का आरोप है कि अवैध वेंडिंग और घटिया सामान की बिक्री पर कोई रोक नहीं है।

# रायपुर हंस में मूंछ की लड़ाई, हर बार खून-खराबे पर आई

## प्रेमी युगल के चक्कर में इस बार सुलग रही थी बिरादरी के दो गुटों में रंजिश, गोलियों से भून दिया गया युवती का चाचा, हत्याकांड में उलझी पुलिस

**कार्यालय संवाददाता, बरेली/ फरीदपुर**

**अमृत विचार:** रामगंगा की कटरी में बसे रायपुर हंस गांव में हुए इंद्रपाल सिंह हत्याकांड में अतीत की उस खूरेंज इबारत को ताजा कर दिया है, जिसमें सिलसिलेवार हत्याओं का लंबा अध्याय लिखा गया था। इस बार एक ही बिरादरी के दो दबंग गुटों के बीच जानी दुश्मनी के बीज प्रेमी युगल के चक्कर में पड़ गए, जिसने लड़की के चाचा की बलि ले ली। इंद्रपाल का रिकार्ड भी कई मुकदमों से रंगा था। आरोप है कि तनातनी के बीच लड़का पक्ष ने सुनियोजित तरीके से उसकी जान ले ली। घंटों की माथापच्ची के बाद मृतक पक्ष ने देर रात हत्याकांड में कार्रवाई के लिए हिष्ट्रीशीटर ठाकुर ऋषिपाल सिंह, उसके तीन बेटे सहित 4 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। हत्याकांड के बाद आरोपी पक्ष भूमिगत जरूर हो गया है मगर गांव के हालात बेहद तनावपूर्ण बताए गए हैं।

रायपुर हंस में गोलीकांड का शिकार हुए इंद्रपालसिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। दो भाई सत्येन्द्र पाल सिंह और अजय पाल उत्तराखंड के खटीमा में रहते हैं। उमेश पाल गांव में रहकर खेतीबाड़ी संभालते हैं। गांववालों का कहना है कि इंद्रपाल सिंह का भी परिवार बसा था मगर बेटी होने के बाद वह हत्या के मामले में जेल चले गए, तो पत्नी से रिश्ता टूट गया। कुछ माह पहले गांव के एक व्यक्ति से मारपीट में इंद्रपाल को जेल हुई थी और जमानत पर छूटने के बाद वह बाग में झोपड़ी डालकर रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर ठाकुर ऋषिपाल सिंह पक्ष से उनके परिवार की रंजिश चली आ रही थी। इंद्रपाल के भाई सत्येन्द्र सिंह की 19 वर्षीय बेटी स्वाति को ऋषिपाल सिंह का बेटा विकास बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। परिवार ने बेटी के अपहरण की रिपोर्ट थाना फरीदपुर में विकास, ऋषिपाल सिंह, सर्वेश संगम, सुरेश पाल, सर्वेश्वर और पोथीराम फौजी के खिलाफ दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों में विवाद के बीच पुलिस ने युवती को बरामद किया था तो उसने प्रेमी विकास के पक्ष में बयान दिए थे। बालिग होने के चलते स्वाती को अपनी मर्जी से विकास के साथ ही रहने की अनुमति मिल गई थी।

रंजिश की खाई उस वक्त और गहरी हो गई, जब पुलिस सुरक्षा के बीच विकास के साथ स्वाती गांव में ही आकर रहने लगी। लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच भारी तनाव उसी दिन देखने को मिला था, जब पुलिस की मौजूदगी में स्वाति विकास के घर रहने को पहुंची थी। दोनों घरों के बीच दूरी ज्यादा नहीं है। पुलिस को टकराव का डर था, इसलिए लड़की के घर पहुंचने तक थाने का दरोगा सर्विस रिवाल्वर हाथ में लेकर घर के बाहर मौजूद रहा था। बात वहीं खत्म नहीं हुई और धीमे-धीमे दिलों में छिपी रंजिश की आग बढ़ती रही। ऋषिपाल सिंह पक्ष को इंद्रपाल सिंह से हमेशा डर रहता था। हत्याकांड उसी की नतीजा बताया जा रहा है।



रायपुर हंस में इंद्रपाल सिंह की वह झोंपड़ी, जिसमें रात के वक्त उसकी हत्या हुई।



हत्याकांड की सूचना पर डॉग स्क्वाड के साथ गांव पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार



रायपुर हंस में इंद्रपाल सिंह की हत्या पर विलाप करतीं परिवार की महिलाएं।

> मृतक के परिजनों ने पुलिस को घटना को लेकर नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। साक्ष्यों के हिसाब से आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **-राधेश्याम, इंस्पेक्टर फरीदपुर**

### एक दिन पहले इंद्रपाल को दी गई थी धमकी

मृतक पक्ष आरोप है कि स्वाती को गायब किए जाने के मामले में पुलिस से शिकायत करने पर लड़का पक्ष के लोग उनसे रंजिश मानते थे। एक दिन पहले आरोपी ऋषिपाल और उसके तीन बेटे संगम, विकास और सर्वेश व रिश्तेदार थाना सिरौली के गांव लीलौर निवासी तेजपाल सिंह ने रास्ते में रोककर इंद्रपाल हत्या की धमकी दी थी। आरोपियों के हाथ में तमंचे थे। बात आगे न बढ़े, इसलिए परिवार ने इंद्रपाल को समझाकर बाग पर सोने भेज दिया था। रात में आरोपी पक्ष ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

### मृतक पर दर्ज चल रहे थे 10 आपराधिक केस

बरेली/ फरीदपुर। रायपुर हंस अतीत में कई लोगों की हत्या का गवाह रहा है, लेकिन इस बार मर्डर 17 साल बाद हुआ है। मारे गए इंद्रपाल सिंह के खिलाफ भी पुलिस रिकार्ड में 10 मुकदमे दर्ज चल रहे थे। कई लोगों से विवाद होने की बात भी सामने आई है। चर्चा ये भी है कि इंद्रपाल हाल में अपनी कुछ जमीन बेची थी और उसका पैसा उनके बैंक खाते में जमा था। कुछ राशि कुछ दिन पहले निकाली थी। वह गांव में मकान बनवा रहे थे और उसके लिए चौखट-खिड़कियां खरीद चुके थे। अचानक जिस तरह से इंद्रपाल की हत्या हुई, उसे लेकर पुलिस भी उलझी नजर आ रही है। पीड़ित परिवार ने हिष्ट्रीशीटर ऋषिपाल सिंह पक्ष पर सुनियोजित तरीके से हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि घटना के खुलासे को पुलिस की कई टीमें जुटाई गई हैं। हमलावर कार्रवाई से बच नहीं पाएंगे।

### कटरी में गैंगवार से सुर्खियों में रहा रायपुर हंस

रामगंगा की कटरी में खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर दो गुटों के बीच 11 जनवरी 2023 को गैंगवार हुई थी। उस समय दबंग सपा नेता सुरेश पाल सिंह तोमर और सिख फार्मर परमजीत सिंह गुटों में हुए खूनी संघर्ष में तीन लोग मारे गए थे। सुरेश पाल सिंह कई लोग घायल भी हुए थे। आरोपी सुरेश को लंबे समय अस्पताल में रहना पड़ा था। जेल से वह जमानत पर छूटा था। सुरेश पाल रायपुर हंस का ही मूल निवासी है। बदायूं की राजनीति में सक्रिय रहकर सपा का जिला सचिव भी रहा है। विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार, इंद्रपाल पक्ष ने भतीजे के गायब होने के मामले में जिन लोगों पर रिपोर्ट लिखाई थी, उसमें सुरेश पाल का नाम भी शामिल था। हालांकि, पुलिस ने बाद में मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

# प्रेमिका सुरभि के कहने पर फौजी ने की थी पत्नी गीता की हत्या, भेजी गई जेल

## पांच साल पहले भारत सिंह की फेसबुक पर हुई थी बदायूं की युवती से दोस्ती

- प्रेमिका के कहने पर पत्नी की गला घोटकर की हत्या, अब प्रेमिका भी हुई गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



मृतका गीता यादव।



आरोपी फौजी भारत सिंह।



गिरफ्तार प्रेमिका सुरभि।

**अमृत विचार:** सुभाषनगर क्षेत्र में हुई गीता यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। 'पति, पत्नी और वो' के इस चौंकाने वाले मामले में पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य आरोपी पति पहले ही जेल जा चुका है। पूरा मामला फेसबुक पर शुरू हुई दोस्ती से लेकर हत्या की साजिश तक पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार, करीब पांच वर्ष पहले फौजी भारत सिंह यादव की फेसबुक के जरिए बदायूं के परवेज नगर निवासी सुरभि यादव से दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंधों में बदल गई। आरोप है कि इसके बाद भारत सिंह का अपनी पत्नी गीता यादव से रिश्ता कमजोर पड़ने लगा और वह परिवार पर खर्च भी कम करने लगा। वह अपनी प्रेमिका सुरभि को हर महीने लगभग 15 हजार रुपये देने लगा था। जांच में सामने आया कि इस प्रेम प्रसंग की जानकारी पत्नी गीता यादव को हो गई थी, जिसके बाद घर में तनाव बढ़ गया। गीता और भारत सिंह के बीच आए दिन विवाद होने लगा। इसी बीच सुरभि ने कथित तौर पर गीता को रास्ते से हटाने का दबाव बनाया।

पुलिस के अनुसार, 18 अप्रैल को भारत सिंह और सुरभि ने मिलकर गीता की हत्या की योजना बनाई थी। इसके बाद 21 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे भारत सिंह ने बीडीए कॉलोनी स्थित घर में गीता यादव की गला घोंटकर हत्या कर दी।

वारदात के बाद भारत सिंह फरार हो गया और सुरभि को इसकी जानकारी फोन पर दी। जांच में सुरभि का नाम सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आज सुरभि को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया।

# मौलाना तौसीफ की मौत पर दिल्ली तक तूफान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- बिहार अल्पसंख्यक आयोग ने उच्चस्तरीय जांच को सिफारिश की
- 27 अप्रैल को बरेली में रेलवे ट्रैक किनारे मिला था मौलाना का शव



मृतक मौलाना तौसीएफ रजा।

**अमृत विचार:** उर्से ताजुश्शरिया में शामिल होकर बिहार लौट रहे मौलाना तौसीफ रजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण को हत्या से जोड़ते हुए परिवार ने कार्रवाई की मांग उठाई है, वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के साथ बिहार अल्पसंख्यक आयोग ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी भी मैदान में कूदते दिखाई दे रही है। हालांकि, पुलिस प्रारंभिक तौर पर हादसा मानते हुए आगे की छानबीन में जुटी है।

मौलाना तौसीफ रजा पिछले दिनों बिहार से बरेली में आयोजित उर्से ताजुश्शरिया में शिरकत करने आए थे। एसपी सिटी मानुष पारीक के अनुसार, बरेली कैंट थाना क्षेत्र में पालपुर रेलवे फाटक के पास 27 अप्रैल को ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। मृतक की पहचान बिहार में किशनगंज जिले के पठावारी निवासी मौलाना तौसीफ रजा के रूप में की। पता होने पर बिहार से मौलाना का परिवार बरेली पहुंच गया था। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था।

प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने आशंका जताई थी कि मौलाना तौसीफ रजा ट्रेन में झपकी आने के दौरान गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि, बाद में परिजनों ने मामला हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठा दी।

मृतक मौलाना की पत्नी तबस्सुम खातून ने पुलिस से कहा है कि 26 अप्रैल की रात उनकी शौहर से फोन पर बात हुई थी। उस दौरान वह काफी डरे हुए थे। उन्होंने बताया था कि ट्रेन में कुछ लोग उनके साथ मारपीट कर रहे हैं। इसी आधार पर परिवार का आरोप है कि मारपीट के बाद उनको ट्रेन से फेंक दिया गया। बता दें कि बरेली में 24 और 25 अप्रैल को उर्से में शामिल होने के बाद मौलाना तौसीफ 26 अप्रैल को घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह अनहोनी हो गई। आरोपों के बीच मामले में राजनीति भी गरमा रही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने बताया कि मामले में कार्रवाई के लिए प्रतिनिधि मंडल के साथ वह शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देंगे। पुलिस अफसरों से भी मुलाकात करेंगे। परिवार की शिकायत पर अध्यक्ष बिहार अल्पसंख्यक आयोग ने राष्ट्रीय संगठन को पत्र लिखकर घटना की उच्चस्तरीय जांच की सिफारिश की है। एसपी सपी सिटी का कहना है कि मामले को लेकर परिजनों से बातचीत की गई है। यदि परिवार की ओर से तहरीर दी जाती है तो विधिवत जांच कराकर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

### शहाबुद्दीन बोले, सीबीआई जांच कराए सरकार



बिहार के मौलाना तौसीफ रजा की मौत पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए घटना की सीबीआई जांच और पीड़ित परिवार को 5 लाख के मुआवजे की मांग उठाई है। मौलाना शहाबुद्दीन ने यूपी के मुख्यमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि मौलाना की मौत का सच सामने लाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# विवादित जमीन का सौदा कर 51 लाख रुपये हड़पे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- पैसे मांगने पर दी हत्या की धमकी, कोर्ट के आदेश रिपोर्ट

**अमृत विचार:** जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी फुरकान खान ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी सदाकत और उसके साथियों से करीब 50 बीघा कृषि भूमि का सौदा 6.25 करोड़ रुपये में तय हुआ था। सदाकत ने फर्जी खतौनी दिखाकर खुद को जमीन का एकल मालिक बताया और 5 जनवरी 2025 को 11 लाख रुपये बतौर ब्याना ले लिए। बाद में एग्रीमेंट के नाम पर और रकम ली गई। जमीन के लिए कुल 51 लाख रुपये आरोपियों को दिए। बाद में पता चला कि जमीन विवादित है और कई लोगों से सौदा किया जा चुका है। फुरकान का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे मुरादनगर बुलाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीबीगंज में हत्या का फरार आरोपी दबोचा

**सीबीगंज, अमृत विचार:** हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पिता की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप चतुर्वेदी ले बताया कि 19 अप्रैल की शाम गांव जोगीठेर निवासी हरीश कश्यप उर्फ नंहोरी शराब के नशे में हरिओम तिवारी के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। बात बढ़ने पर हरीश और उसके रामदास ने हरिओम व उनके परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में हरिओम की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम कर दिया। आरोपी पिता-पुत्र फरार चल रहे थे। बेटा पकड़ गया।

# एकता नगर में बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- बेटे का विवाह करने गया था परिवार, लौटा तो हुई जानकारी

**अमृत विचार :** एकता नगर में बंद मकान से चोरों ने नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। परिवार विवाह समारोह में गया था।

प्रेमनगर के एकता नगर में चाचा नेहरू पार्क निवासी संजीव मेहरोत्रा अपने पुत्र ऋतुराज के विवाह के सिलसिले में 23 अप्रैल को परिवार सहित कानपुर गए थे। 27 अप्रैल की शाम वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों में रखी अलमारियों के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने उनकी पत्नी के कमरे में रखी दो अलमारियों के अलावा बेटे के कमरे में अलमारी का लॉकर भी तोड़ दिया। चोर करीब 3.5 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान ले गए। संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि पिछले महीने घर में विवाह के चलते नवीनीकरण कराया गया था, जिसमें पेंटर, बढ़ई और रसोइयों का आना-जाना लगा रहा। उन्हें संदेह है कि चोरी में किसी ऐसे व्यक्ति की भूमिका हो सकती है जिसे घर की व्यवस्था और कीमती सामान की जानकारी थी।

# छात्रा से हैवानियत को लेकर पुलिस के रडार पर 5 लोग, जल्द खुलासा संभव

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**




- छात्रा के घर के पास लगे सीसीटीवी की जांच में जुटी पुलिस
- घटना के दिन कोई नहीं गया घर के अंदर, कई से पूछताछ

**अमृत विचार:** मीरगंज क्षेत्र में 12 वर्षीय किशोरी के साथ कथित शारीरिक शोषण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने जांच तेज करते हुए गांव के पांच लोगों को रडार पर लिया है और लगातार पूछताछ एवं साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद से ही जांच टीम गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की पिछले सात दिनों की फुटेज को बारीकी से खंगाल रही है। "तीसरी आंख" कही जाने वाली इन फुटेज में अब तक यह तथ्य सामने आया है कि घटना वाले दिन किसी संदिग्ध व्यक्ति के घर के अंदर प्रवेश करने के पुष्टी नहीं हुई है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

इसी क्रम में पुलिस ने किशोरी के घर आने-जाने वाले सभी लोगों की सूची तैयार कर ली है और उनके मूवमेंट पर भी नजर रखी जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और मोबाइल लोकेशन सहित अन्य डिजिटल साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है। अफसराका कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और ठोस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी नार्थ अंशिका वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों को पुलिस ने रडार पर रखा है। पुष्ट है कि घटना के दिन किशोरी के घर में कोई नहीं गया।

# अधिवक्ताओं का सम्मान, नए पदाधिकारियों ने संभाली कमान

- एडवोकेट बार एसोसिएशन ने रोटरी भवन में आयोजित किया अभिनंदन समारोह
- अध्यक्ष अनिल द्विवेदी बोले- अधिवक्ताओं की एकता ही संगठन की असली ताकत

**विधि संवाददाता, बरेली**




अभिनंदन समारोह में सम्मानित किए गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एडवोकेट बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को रोटरी भवन में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक जगत की कई दिग्गज हस्तियों और अधिवक्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य शिरीष मेहरोत्रा और विशिष्ट अतिथि पूर्व न्यायाधीश तेजपाल राणा रहे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अनिल द्विवेदी ने न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकता पर जोर दिया गया। समारोह में वरिष्ठ एवं विशिष्ट अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से शिरीष मेहरोत्रा, नरेश पाल सिंह, एडवोकेट परमार, रशीद, प्रदीप यादव, धारा जीत सिंह और शेर सिंह शामिल रहे। इसके साथ ही, मुख्य अतिथि और अध्यक्ष की ओर से एसोसिएशन के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र और पहचान पत्र वितरित किए गए।

सचिव गौरव सिंह राठौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य अधिवक्ताओं के बीच आपसी समन्वय और सम्मान की भावना को बढ़ाना है। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ता कविता सक्सेना, चंद्रकली कश्यप, सुची शर्मा, पारुल शर्मा और सुषमा माहेश्वरी सहित अन्य ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। समापन पर सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने का संकल्प दिलाया गया। संरक्षक मंडल सदस्य अंगन सिंह एवं संजय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### जनहित याचिकाओं पर जिज्ञासाओं का किया समाधान

**बरेली, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद ब्रज जिला इकाई बरेली द्वारा जिला कार्यालय पर स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य वक्ता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मलहोत्रा ने जनहित याचिका : उद्देश्य, आयाम और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान देते हुए अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने जनहित याचिकाओं पर अधिवक्ताओं की जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम के दौरान अप्रैल माह में जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही सामूहिक बीमा पॉलिसी का वितरण भी किया गया। जिला संरक्षक ईश्वरी प्रसाद वर्मा, पूरन लाल प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद मम्मा, जिला अध्यक्ष ओम पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज कांत सक्सेना सहित संगठन के कई पदाधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### रेलवे संपत्ति चोरी मामले में जांच पूरी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर अवैध वैडरों को संरक्षण देने और रेलवे संपत्ति चोरी के मामलों में मुख्यालय द्वारा गठित टीम ने जांच पूरी कर ली है। जांच अधिकारी हरदोई आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी अशोक कुमार जांच रिपोर्ट सोमवार को सौंपेंगे।

आरपीएफ इंस्पेक्टर विनीता और सिपाही सुमित शर्मा पर अवैध वैडरों को संरक्षण देने तथा लाइसेंसधारी बेडरों का उत्पीड़न करने का आरोप है। सहकारी वेंडर्स समिति के राजकुमार शर्मा सहित कई अन्य ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी। शिकायत में साफ तौर पर कहा गया था कि अनाधिकृत वेंडर यात्रियों को घटिया सामान अधिक दामों पर बेच रहे हैं।

# व्यापारी पर हमले की कोशिश, कई पर केस

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- आधी रात की बताई जा रही घटना, जांच में जुटी पुलिस
- संजयनगर में रस पापे का व्यापार करता है तरुण अरोड़ा

**अमृत विचार:** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में रस पापे का कारोबार करने वाले तरुण सक्सेना ने कथित रूप से 4 नामजद व 8-10 अज्ञात लोगों पर आधी रात को हमले और साथ ले जाने की कोशिश का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसएसपी से की गई। पुलिस केस दर्ज कर आरोपों की जांच में जुटी है।

संजयनगर निवासी तरुण अरोड़ा की ओर से दर्ज रिपोर्ट में कहा कि वह थोक कारोबार करता है और रात में कैश लेकर लौटता है। 23 अप्रैल की रात करीब एक बजे वह वीर सावरकर नगर चौराहे से घर आ रहा था। रास्ते में खड़े कई लोगों ने उसकी कार को घेर लिया और रोके, मारो, लूट लो कहते हुए हमले का प्रयास किया। उसे गाड़ी से उतारकर ले जाने की कोशिश भी की। किसी तरह बचकर निकला। बाद में भी उसका कारों से पीछा किया गया। चार आरोपियों की पहचान अमित शर्मा, सोहेल खान, कुलदीप सक्सेना उर्फ बंटी और अशोक सक्सेना के रूप में हुई। 8-10 लोग अज्ञात थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फुटेज में कुछ लोग खड़े नजर आ रहे हैं।

**सिटी ब्रीफ**

## बुद्ध वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला नवादा शेखान स्थित आंबेडकर भवन में बुद्ध वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शारदा देवी ने महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। नवल किशोर, राजेंद्र गौतम और राजेश भारती सहित अन्य वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संचालन पंकज आजाद ने किया। खीर बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित की गई। संजीव सागर, दिनेश कुमार, पुष्पा देवी और पिंकी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाए दांव-पेंच

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से नकटिया स्थित गोल्डन गार्डन में दो दिवसीय जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के 15 स्कूलों और क्लबों के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों में प्रतिष्ठा, मनन सिंह, अनिरुद्ध पाल, विकास, अवनी यादव, रिद्धि और नायरा पटेल ने स्वर्ण पदक, माहिरा जावेद, प्रियांशु और लावण्या सिंह ने रजत पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर के लिए जिले की नई प्रतिभाओं को तराशना था।

## डीआईओएस दफ्तर पर आज गरजेंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शनिवार को शिक्षक लंबित मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर दोपहर से धरना देंगे। जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 व 21 की सुरक्षा वापस लेने, वित्तविहीन शिक्षकों को समान वेतन देने और तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह ने चेतावनी दी कि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। जिला मंत्री मुन्नेश अग्निहोत्री ने शिक्षकों से एकजुटता दिखाने की अपील की।

# मई दिवस पर श्रमिक अधिकारों को लेकर गरजे संगठन

## महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण को लेकर जताया कड़ा विरोध, आठ घंटे कार्य के सिद्धांत के पालन की मांग की

- आंबेडकर पार्क में 140वां मजदूर दिवस आयोजित, चार लेबर कोड्स पर जताया असंतोष

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रमिक अधिकारों और कार्यस्थल पर सुविधाओं को लेकर आवाज उठाई।

अंबेडकर पार्क में शुक्रवार शाम को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के जोशीले गीतों से हुई। गीतों ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया। फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बेरोजगारी, महंगाई और कार्य के बढ़ते घंटों को लेकर चिंता व्यक्त की और श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। संचालन कर रहे ललित चौधरी ने शिकागो के शहीदों को याद करते हुए 8 घंटे काम, 8 घंटे सामाजिक जीवन और 8 घंटे विश्राम के सिद्धांत को दोहराया। यूनाइटेड फोरम के अध्यक्ष पीके माहेश्वरी ने निजीकरण की नीतियों की आलोचना करते हुए बैंकों में पर्याप्त भर्ती और पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग की।

पीयूसीएल बरेली के यशपाल सिंह ने न्यूनतम वेतन कानून के सख्त पालन की जरूरत बताते हुए श्रमिकों में बढ़ते असंतोष का जिक्र किया। पुष्पा गंगवार ने पुरानी पेंशन बहाली और टीईटी से जुड़े कानून को समाप्त करने की मांग उठाई। इसके अलावा विभिन्न वक्ताओं ने श्रमिक एकता और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। अंत में शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मजदूर एकता और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने श्रमिकों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजेंद्र सिंह, विमल कुमार वशिष्ठ, नवनीत शर्मा, हरिशंकर, नवींद्र कुमार, केपी सिंह, राधा रमण मिश्र, राकेश मिश्रा, टीडी भास्कर, कैलाश बाल्मीकि, राकेश बाबू, जीवन सिंह, सर्वेश मौर्य, ओम देव बरतिया, मोहित देवल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

**श्रमिकों के अधिकारों और चुनौतियों पर की चर्चा :** रेल कारखाना इज्जतनगर में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एक सभा आयोजित की। मजदूरों के अधिकार, उनके ऐतिहासिक संघर्ष और वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की गई।

महामंत्री बसंत लाल चतुर्वेदी ने कहा कि विश्व की पहली मजदूर क्रांति शिकागो में हुई थी, जिसके बाद कार्य के घंटे निर्धारित करने को लेकर लंबा संघर्ष चला। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की स्थापना 1924 में हुई और निरंतर संघर्ष के बाद आठ घंटे कार्य का नियम लागू हुआ। आज भी कुछ पूंजीपति 12 घंटे काम लेने का प्रयास करते हैं, लेकिन मजदूरों की एकजुटता से ऐसे प्रयास विफल होते रहे हैं। 8 घंटे काम, 8 घंटे विश्राम और 8 घंटे अन्य आवश्यकताओं के सिद्धांत को उन्होंने मजदूर हित में महत्वपूर्ण बताया। वर्कशॉप मंडल मंत्री परवेज अहमद, मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला सहित धर्मपाल, ओम प्रकाश, अनिल कुमार, आबिदुद्दीन, गोविंद, बाबूलाल, नाजिश खान सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।



मई दिवस पर आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के पदाधिकारी।



मजदूर दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

## दो मजदूर कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट



**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस से पूर्व इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव ध्यानचंद्र मौर्य और लाल जी कुशवाहा को 30 अप्रैल शाम परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में पर्चा वितरण और जुलूस में शामिल होने के दौरान हिरासत में ले लिया गया। दोनों को करीब पांच घंटे सीबीगंज थाने में रखने के बाद देर रात हाउस अरेस्ट किया गया। संगठन ने कार्रवाई को मजदूर आंदोलनों को दबाने की कोशिश बताया।

## इंटक ने उठाई राष्ट्रीय वेतन नीति लागू करने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) की ओर से मजदूर दिवस भमोरा स्थित अंबेडकर पार्क में मनाया गया। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सतीश मेहता ने कहा कि 1 मई केवल तारीख नहीं, बल्कि मजदूरों के संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक है। आठ घंटे कार्य दिवस का अधिकार 1886 के संघर्षों और बलिदानों का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में मजदूर वर्ग सरकार की नीतियों और प्रबंधन के रवैये से परेशान है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से देशभर में एक समान राष्ट्रीय वेतन नीति लागू करने और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। ग्राम भमोरा के प्रधान भगवान दास




गौरव ने श्रमिकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संचालन सूरजपाल वाल्मीकि ने किया। सुनील शर्मा, अरुण भारती, हरपाल, वसीम खान, इसरार खान, फुरकान बेग, सद्दाम सहित अन्य श्रमिक नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए।

## सफाई मित्र कार्यशाला में किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर छावनी परिषद की तरफ से सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम छावनी परिषद की सीईओ डॉ. तनु जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सिटीजन फीडबैक अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में सफाई अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी, आरएन टैगोर स्कूल से डॉ. वंदना, श्रीधर शुक्ला व अन्य शिक्षक, स्वच्छ भारत मिशन की अंकिता पांडे और उनकी टीम मौजूद रही।




## मजदूर दिवस पर एकजुटता का दिया संदेश




**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) आंवला इकाई में मजदूर दिवस के अवसर पर इम्प्लाइज यूनियन की ओर से कार्यक्रम में श्रमिकों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। यूनियन अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कामगारों से एकजुट रहकर इफको की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। कहा कि उनकी मांगों को प्रबंधन के समक्ष उठाकर समाधान कराया जाता रहेगा। गजेन्द्र सिंह गंगवार ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों से जुड़ी सभी समस्याएं प्रबंधन के सामने उठाई जाती रहेंगी। शिकागो के शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजित प्रधान और उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) निधि मूर्ति की मौजूदगी में झंडारोहण किया गया। कर्मियों को इफको आंवला कर्मचारी संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

## बिजली व्यवस्था चरमराई, उपभोक्ताओं ने झेली परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी-पानी के बाद जहां उपभोक्ता गुरुवार को बिजली कटौती से परेशान थे वहीं, शुक्रवार को भी बिजली कटौती और फाल्ट परेशान करती रही। महानगर उपकेंद्र व सनसिटी उपकेंद्र गुरुवार की शाम सात बजे ही आंधी पानी के साथ को बंद किया गया था। जब बारिश बंद होने के बाद इसे चालू किया तो उपकेंद्र में खराबी आ गई। अधिकारियों का कहना है कि उपकेंद्र की लाइनों पर पेड़ों की डालियां गिरने से फॉल्ट आ गया।

- उपकेंद्र की लाइनों पर पेड़ों की डालियां गिरने से फॉल्ट की बात कही

शांति विहार, कांघी टोला, ओल्ड सिटी, सिविल लाइंस, सुभाष नगर, तुलसीनगर और राजीव एन्क्लेव समेत कई क्षेत्रों के लोग प्रभावित रहे। कुछ इलाकों में तो पूरी तरह बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। सिविल लाइंस, किला, कुतुबखाना और शाहदाना उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में फेज फेल होने की शिकायतें लगातार मिलती रहीं। वहीं कांघी टोला क्षेत्र में लो वोल्टेज और हाई वोल्टेज दोनों तरह की समस्याएं सामने आईं। महानगर उपकेंद्र से शहीद भगत सिंह, महानगर, छोटी बाजार, आकांक्षा व सन सिटी उपकेंद्र से सन सिटी, कुर्मांचल नगर, वीर सावरकर, पीसी आजाद, पीर बहोरा फीडर बंद रहें। राजीव इन्क्लेव फीडर में 150 घरों में भोर 3:50 बजे लाइट चली गई। 6:40 बजे आपूर्ति चालू की गई। शुक्रवार को दिन में भी इस इलाके में कई बार आपूर्ति प्रभावित हुई। विद्युत निगम के अधिकारियों ने लोकल फॉल्ट बताया। वहीं सिकलापुर में 11:30 बजे लोकल फॉल्ट के कारण आपूर्ति ठप हो गई।

**सिटी डायरी**

## डिजी इम्पैक्ट समिट में छात्रों ने दिखाया डिजिटल हुनर



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में डिजी इम्पैक्ट समिट 2026 में एमबीए डिजिटल मार्केटिंग के छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स के जरिए डिजिटल कौशल और नवाचार का प्रदर्शन किया। टीम इन्वर्टिस ने सोलर पैनल से जुड़ा प्रोजेक्ट एक ही दिन में पूरा कर टीमवर्क का उदाहरण पेश किया। अन्य टीमों ने डिजिटल मार्केटिंग की चुनौतियों, विशेषकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ग्राहक भरोसा बनाने के मुद्दे को उठाया और अमेजन व मिंत्रा जैसे प्लेटफॉर्म्स के उदाहरण दिए। प्रबंधन विभाग के डीन प्रो. मनीष गुप्ता ने कहा कि यह समय तकनीकी बदलाव का दौर है और छात्रों को लगातार सीखते रहना चाहिए। प्रोफेसर सौरभ थापा ने इसे उत्कृष्ट बैच बताया। टीम गोपाल जी एंटरप्राइज को प्रथम, टीम युग ट्रेंडिंग कंपनी को द्वितीय और टीम इन्वर्टिस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कुलपति डॉ. वाईडीएस आर्या, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. अंकिता टंडन, डॉ. विकासित त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## मौर्य छात्रावास में श्रद्धापूर्वक मनाई गई बुद्ध जयंती




**बरेली, अमृत विचार :** मढ़ीनाथ के मौर्य छात्रावास में शुक्रवार को बुद्ध जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बड़ी संख्या में लोगों ने गौतम बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि गौतम बुद्ध के विचारसमाज के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भंवरलाल मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ पूर्व विधायक बोहरान लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल राममूर्ति मौर्य, छंगामल मौर्य, चंद्रपाल मौर्य, राम बहादुर मौर्य, वेदराम मौर्य, राजेश मौर्य, ज्ञानेश मौर्य और शीशपाल मौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ सम्मेलन में देशव्यापी हड़ताल का आह्वान



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नेहरू युवा केंद्र में उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन और खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के संयुक्त तत्वावधान में मनरेगा बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में 15 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय सह सचिव विक्रम सिंह ने मनरेगा से जुड़े मुद्दों और मजदूर आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रदेश महासचिव बीएल भारती ने कहा कि 15 मई को पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उन्होंने मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। पार्षद राजेश अग्रवाल और मजदूर नेता अनिल कुमार ने सम्मेलन को समर्थन दिया। टीआर लोधी, उमेश कुमार, हरिचरन लाल, जलालुद्दीन, इरशाद अहमद, दुर्गा देवी सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। अध्यक्षता राजीव शांत, अफरोज आलम और सतीश कुमार ने की।

## रोडवेज कर्मचारियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**बरेली,** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के क्रम में बरेली में दूसरे चरण का धरना प्रदर्शन पुराने बस स्टेशन परिसर में किया गया। इसमें करीब 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय मंत्री बरेली एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश रविंद्र कुमार ने 14 सूत्रीय मांगों को रखते हुए शासन और निगम प्रबंधन से शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों की समस्याएं लंबित हैं, जिससे आक्रोश बढ़ रहा है। कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर डग्गामारी रोकने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, लोड फैक्टर आधारित कटौती समाप्त करने, भत्तों में वृद्धि, ईपीएफ सुधार और सातवें वेतनमान के एरियर भुगतान जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। धरना सभा के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। धरने का नेतृत्व बरेली डिपो अध्यक्ष प्रमोद कुमार, रूहेलखंड डिपो अध्यक्ष नरेश शर्मा और प्रशासनिक शाखा अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने किया। संचालन फारूख ने किया।

## मजदूर दिवस पर छह श्रमिक महिलाओं का किया सम्मान




महिला श्रमिकों को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर मानव सेवा क्लब ने कार्यालय पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें छह उन श्रमिक महिलाओं का सम्मान किया गया, जो घर-घर जाकर काम करती हैं।

क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, इन्द्र देव त्रिवेदी, सुनील कुमार शर्मा, जितेंद्र सक्सेना, निर्भय, प्रीति सक्सेना, मंजू लता और रश्मि सक्सेना ने महिलाओं को सम्मानित करने का काम किया। बाल श्रम उन्मूलन विषय पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। अध्यक्षता सुरेश बाबू मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश रस्तोगी, इन्द्र देव त्रिवेदी और मुकेश सक्सेना मौजूद रहे। बाल श्रम के खिलाफ संदेश दिया गया कि पढ़ने की उम्र में बच्चों से श्रम कराना गलत होने के साथ अपराध भी। कार्यक्रम में पार्षद सुधा सक्सेना, मंजू, प्रीति, अनिल कुमार गुप्ता और महासचिव प्रदीप माधवार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बूथ कमेटियां दुरुस्त करें: शुभलेश

**बरेली, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने विधानसभा अध्यक्षों और जोन प्रभारियों की बैठक लेकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस के अवसर पर बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक माह के भीतर सेक्टर और बूथ कमेटियों को दुरुस्त कर उनकी सूची जमा करें। उन्होंने कहा कि जो अध्यक्ष संगठन को समय नहीं दे पा रहे हैं, वे स्वयं जानकारी दें ताकि काम प्रभावित न हो। कार्यकर्ताओं से 'पीडीए' समाज के बीच जाकर बैठकें करने और चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया। प्रमोद बिष्ट, सुरेन्द्र सोनकर, रविन्द्र सिंह यादव, नासिर रजा खां, सुरेश गंगवार, अनिल गंगवार, बलराम सिंह यादव, रमेश यादव, इन्द्रपाल यादव सहित सभी जोन प्रभारी व जितेन्द्र मुंडे, राम सेवक प्रजापति, शिवम सक्सेना, अशोक यादव, बृजेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुविवि में 10 मई को होगा मजदूर संघ का अधिवेशन



बैठक में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक डीआरएम कार्यालय में संघ कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ का वार्षिक जिला अधिवेशन 10 मई को रूहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

ओपीएन तिवारी को विभाग प्रमुख बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया। ओपीएन तिवारी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए अधिवेशन को सफल बनाने के लिए एकजुटता का आह्वान किया। बृजप्रांत संगठन मंत्री शंकर लाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरपी सिंह, जिला प्रवक्ता गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने संगोधित किया। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सांसद छत्रपाल गंगवार से मुलाकात की। बैठक में सी.एस. यादव, वसंत कश्यप, पंकज कुमार, ओम प्रकाश, डॉ. ब्रिजेन्द्र संत शरण, डॉ. श्याम सिंह, राहुल गोस्वामी, प्रदीप गंगवार, सी.के. गुप्ता सहित विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री उपस्थित रहे।

# रजा मुराद ने महिला मजदूरों का किया सम्मान



सम्मान समारोह में अभिनेता रजा मुराद, सुप्रिया ऐरन, डा. अनीस वेग व अन्य।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर मंडल ने नांगपचमी मेला गाउन्ड गंगापुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मशहूर अभिनेता रजा मुराद रहे। उन्होंने महिला मजदूरों को सम्मानित किया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह राना ने की।

विचार गोष्ठी में शिकागो आन्दोलन के शहीद क्रान्तिकारियों को याद किया गया। विशिष्ट अतिथि राजेश आग्रवाल पार्षद ने कहा कि इस दिन मजदूरों ने शोषण खिलाफ संघर्ष का मार्ग प्रशस्त किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने कहा कि सरकार ने मजदूरों के लिए 8 घंटे का समय तय किया है, लेकिन 12 से 14 घंटे काम करते नजर आते हैं। पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन,सपा नेता डा. अनीस वेग, मुकेश राजपूत, हनी राणा, कुलदीप राना, चौधरी दीनानाथ महेन्द्र विक्रम सिंह, राजेन्द्र राजपूत एडवोकेट अशोक गुप्ता, राजकुमार समदर्शी भी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संचालन मजदूर जिलाध्यक्ष अरविन्द राजपूत ने किया।

## छह मजदूरों का व्यापारियों ने किया अभिनंदन

**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आदर्श मंडी स्थल स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में छह श्रमिकों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि किसी भी उद्योग, व्यापार, कृषि या विकास परियोजना की कल्पना श्रमिकों के बिना नहीं की जा सकती। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि व्यापार और उद्योग की उन्नति श्रमिकों पर निर्भर करती है, इसलिए उनके कल्याण और संतुष्टि का ध्यान रखना आवश्यक है। जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने भी श्रमिकों की जिम्मेदारी और निष्ठा की सराहना की। सम्मानित होने वालों में राधेश्याम, अमित, हरपाल, रामपाल, उत्तम और हर गोविंद शामिल रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी, मनमोहन सभरवाल, अंजनी गुप्ता, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, गुलशन सभरवाल, अवधेश अग्रवाल, कैलाश मित्तल, कपिल अग्रवाल, ज्योति स्वरूप, ईशान गुप्ता, सुनील शर्मा, श्याम मिठवानी, मुकेश खटवानी और विनय शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## रुविवि के छात्रों से किसान सीखेंगे इफको नैनो तकनीक

**बरेली, अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित व्याख्यान में छात्रों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराया गया।

इफको के विशेषज्ञों ने नैनो उर्वरक की उपयोगिता और ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी बनाने पर जोर दिया। इसके बाद छात्र किसानों को इफकों की नैनो तकनीक आधरित सफल खेती के लिए मार्गदर्शन देंगे। डॉ. अरविंद ढाका ने बताया कि बेहतर पैदावार के लिए मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे तत्वों का संतुलन जरूरी है। जनसंपर्क अधिकारी विनीत शुक्ल ने बताया कि संस्था की ओर से देशभर में नैनो उर्वरकों के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। केमिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष एमएस करुणा ने छात्रों से इस महाभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

## यूपीसीए ए ने शाहजहांपुर को 4 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 मंडल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को यूपीसीए ए और शाहजहांपुर को 4 रन से हराया।

यूपीसीए ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 109 रन बनाए। शुभम यादव ने26 रनों की पारी खेली। आदित्य लोमड़ ने 22 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहजहांपुर की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यूपीसीए ए के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के चलते शाहजहांपुर की पूरी टीम 105 रनों पर सिमट गई। यूपीसीए ए ने मुकाबला चार रन से जीत लिया। यूपीसीए ए के आदित्य दक्ष शर्मा ने तीन विकेट झटके। अयाज खान ने दो विकेट लिए। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खान, सचिव सीताराम सक्सेना, राहुल कपूर आदि मौजूद रहे।

# मातृभाषा के माध्यम से ही संभव है ज्ञान का प्रसार

### बरेली कॉलेज में संगोष्ठी में उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी का संबोधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय भाषाएं केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान की मूल आधारशिला है। नई शिक्षा नीति के संदर्भ में मातृभाषा के माध्यम से ही वास्तविक और प्रभावी ज्ञान का प्रसार संभव है। बरेली कॉलेज में आयोजित भारतीय भाषाओं में ज्ञान परंपरा विषयक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए।

बरेली कॉलेज में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली और बरेली कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से भारतीय भाषाओं में ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी में देश भर से आए विद्वानों ने भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा और उनके वैश्विक महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड ओपन



मुख्य अतिथि प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी का सम्मान करते प्राचार्य प्रो. ओपी राय व अन्य।



भारतीय भाषाओं में ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक। • अमृत विचार

- **भारतीय भाषाओं में ज्ञान परंपरा विषयक संगोष्ठी आयोजित**

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम तकनीकी सत्र में बरेली कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. एसी त्रिपाठी ने नालंदा परंपरा और आयुर्वेद के उदाहरण देते हुए भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीनता और वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। प्रो. विकास प्रधान ने न्यू टू ओल्ड की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए व्यापार नीति को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ा। प्रो. प्रणव शर्मा, प्रो. हरीश कुमार शर्मा और डॉ. दिवाकर ने भी विचार साझा किए। संचालन डॉ. रीतेश रावत ने किया। द्वितीय सत्र में डॉ. राजकुमार शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा की आधुनिक संदर्भ में उपयोगिता बताई। इस दौरान डॉ. गजेंद्र प्रताप और प्रो. डीएस तोमर ने भी शोधपरक प्रस्तुतियां दीं। संचालन डॉ. अंकुर श्रीवास्तव ने किया।

तृतीय सत्र में प्रो. हितेन्द्र त्यागी ने भारतीय भाषाओं की विविधता और उनकी सांस्कृतिक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सत्र में प्रो. रीता निगम, डॉ. राजश्री और डॉ. शंभू नाथ मिश्रा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. अरविंद ने किया। संगोष्ठी में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर उसका रोपण कराया गया। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. परमजीत कौर और प्रो. सुषमा गोंदियाल मंचासीन रहे। संचालन प्रो. मनुप्रताप ने किया। डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. अनामिका अग्रवाल, डॉ. गौरव भूषण, डॉ. योगेश शर्मा, प्रो. संगीता सिंह, डॉ. रितेश चौरसिया, प्रो. प्रतिभा शर्मा, डॉ. अजीता सिंह, अमित गुप्ता आदि शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित रहे।

### कवि सम्मेलन का आयोजन

संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन में शुक्रवार शाम समां बांध दिया। कवि सम्मेलन में कवि प्रदीप वैरागी, उपमेंद्र सक्सेना, राजबाला धैर्य, डॉ. शालिनी शर्मा, निर्दोष कुमार विन, अभिषेक अग्निहोत्री और संतोष कुमार श्रद्धा ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## नई सोच, नए सरोकार

### सेंट एंड्रयूज हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अमृत विचार पढ़कर बढ़ाया सामान्य ज्ञान



**सेंट एंड्रयूज हायर सेकेंडरी स्कूल**

**बरेली:** सुभाषनगर स्थित सेंट एंड्रयूज हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व अनुपम सक्सेना ने करते हुए छात्रों को अखबार के बारे में जानकारी दी। कक्षा 8 ए की कनिका चौहान ने अखबार पढ़कर सुनाया। स्कूल के प्रबंधक मोहित चंद, शिक्षक मीनु रोज, गुलफशा, सविता, कविता, अंशु सिंह, नरगिस, पवनदीप कौर, रूचि शर्मा, सेजल रावत, मीना सिंह, रागिनी शर्मा, चित्रा सक्सेना, सिकंदर मिर्जा आदि का सहयोग रहा। सेंट एंड्रयूज हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अच्छे अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। सुमित 85.7 प्रतिशत, अभय दिवाकर 85 प्रतिशत शामिल है। जबकि अखबार पढ़ने में अंकाशा, यश यादव, देव यादव, दिवयांशी भी शामिल रहीं।



> अमृत विचार का स्कूल में आना छात्रों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अमृत विचार अखबार की सलाह बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
>
> **– मोहित चंद**, प्रधानाचार्य

**अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com**

## एचपीवी टीकाकरण और जागरुकता अभियान चला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नाटक-गीत से दिया संदेश**

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से गुजरात दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम लालपुर के प्राथमिक विद्यालय और कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम लालपुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नाटक, भाषण, गीत और पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता और टीकाकरण का संदेश दिया। ग्राम प्रधान प्रफुल्ल पटेल और शिक्षिका साहिमा नईम ने ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया गया। कहा कि कम आयु में कराया गया टीकाकरण भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं सुरभि शाक्य, प्रगति तिवारी और मुनीश मौर्य ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी दीपक वर्मा, आनंद पटेल और दीपक कनौजिया ने टीकाकरण प्रक्रिया को संचालित किया। स्वास्थ्य केंद्र के प्रशासक डॉ. अमित कुमार वर्मा ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराएं।

## मंडल स्तरीय पावरलिफ्टिंग में 140 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**बरेली, अमृत विचार:** 3 मई को मंडल स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का बी स्ट्रांग जिम और बरेली पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से की जाएगी।

प्रतियोगिता में 95 पुरुष और 45 महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान जनपद में प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता की भी औपचारिक घोषणा की जाएगी। प्रतियोगिता में इस बार विशेष रूप से 10 स्ट्रांग मैन और 10 स्ट्रांग वुमैन का चयन किया जाएगा। बरेली पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सुनील भाटिया, अशोक कुमार, अनुज कुमार, ललित, अरविंद, पवन, राघवेंद्र यादव, अनमोल सक्सेना, सत्येंद्र प्रताप सिंह, विकास सिंह, रजत नाथ, राहुल व अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# गुजरात स्थापना दिवस पर गरबा, नाटिका ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

- **गुजरात स्थापना दिवस पर रुविवि में सांस्कृतिक संध्या**
- **नाइजीरियन विद्यार्थियों की गुजरात स्थापना दिवस में सक्रिय भागीदारी**

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुजरात की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और आधुनिक जीवन शैली की आकर्षक झलक प्रस्तुत की गई। गरबा, नाटिका और फैशन शो ने समां बांध दिया।

विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी लोकनृत्य से मुग्ध कर दिया। डांस क्लब के विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर माहौल में उत्साह से भर दिया। द्वारका और द्वारकाधीश की महिमा पर आधारित लघु नाटिका में कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कई बार लोगों की आंखें भर आईं। विश्वविद्यालय के संगीत क्लब की अपर्णा मिश्रा ने हारमोनियम और ढोलक के साथ गुजराती लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद आयोजित फैशन शो में पारंपरिक से आधुनिक गुजरात की झलक दिखाई गई। खास बात यह रही कि नाइजीरिया के विद्यार्थियों ने कच्छ क्षेत्र की थीम को मनमोहक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सभी का ध्यान खींचा। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पीबी सिंह ने विद्यार्थियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देते हैं। डॉ. ज्योति पाण्डेय ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विभिन्न प्रदेशों की परंपराओं को समझने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। इस अवसर पर प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. सुमित्रा कुकरेती, डॉ. इंदरप्रीत कौर, प्रो. विनय ऋषीवाल, डॉ. प्रिया सक्सेना, डॉ. अतुल सरोजवाल, डॉ. रीना पंत, रॉबिन बालियान, अनंत मिश्रा, आनंद सिंह अधिकारी सहित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शिक्षक अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। संचालन अक्षिता पाराशरी ने किया।

### सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रमुख स्थलों का दौरा कर देश की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को करीब से जाना। यह शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक भ्रमण राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के एक भारत श्रेष्ठ भारत आह्वान के तहत किया गया। विद्यार्थियों ने नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के दर्शन कर सेवा, समर्पण और धार्मिक सद्भाव की परंपरा को समझा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भी भ्रमण किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं हैं। चीफ वार्डन प्रो. एके सिंह ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

# नंद के आनंद भयो से गूंजा हरि मंदिर



कथा व्यास महाराज श्री।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्री श्यामा श्याम रसिक परिवार के सानिध्य में मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। कथा व्यास महाराज श्री ने जैसे ही भगवान के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, पूरा मंदिर परिसर ''नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'' से गूंज उठा। श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे और वातावरण उल्लास व भक्ति के रस में सराबोर हो गया। इससे पूर्व महाराज श्री ने राजा बलि के त्याग और समर्पण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि सर्वस्व दान करने वाले भक्त पर प्रभु सदैव कृपा करते हैं। साथ ही राजा अम्बरीष के चरित्र के माध्यम से धर्मनिष्ठा और चन्द्र वंश के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

यजमान प्रमोद-वीना अग्रवाल और विकल्प-मानसी अग्रवाल ने नवग्रह पूजन किया। उत्सव यजमान के रूप में जीके अग्रवाल व लता अग्रवाल मौजूद रहे, जबकि प्रसाद वितरण में शशांक शेखर और नीतू गुप्ता का सहयोग रहा। पंकज गुप्ता, मनीष रस्तोगी, शोभित अग्रवाल, राहुल जौहरी, अशोक अवस्थी, अनिल गुप्ता, रवि छाबड़ा, गोविन्द तनेजा, ऐ के सिंह, श्याम कृष्ण गुप्ता, मनोज छिब्बर, मीरा अवस्थी ,उपासना गुप्ता, दीक्षा अग्रवाल, रूचि रस्तोगी, पूर्णिमा मेहरा, विनोद अरोड़ा व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### परमात्मा से मिलन ही जीवन का अंतिम लक्ष्य



**बरेली, अमृत विचार:** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम के सत्संग भवन में दिव्य श्रीमद्भागवत रहस्य कथा में जगद्गुरु कृपालु महाराज के चरणानुरागी प्रेम रसिक श्वेताभ महाराज ने कहा कि वेदव्यास ने वेदों को चार भागों में विभाजित कर ज्ञान का प्रसार किया। उन्होंने बताया कि परमात्मा से मिलन ही जीवन का अंतिम लक्ष्य है। मनुष्य की अत्यधिक इच्छाएं ही अशांति का मुख्य कारण बनती है। उन्होंने कहा कि नारद जी भक्ति के स्वरूप हैं, जो सभी को भगवान से जोड़ते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। इसलिए कभी भी भगवान को दोष नहीं देना चाहिए। कथा के दौरान भज राधे गोविंद सहित विभिन्न भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अनिल अग्रवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, दीप्ति पांडे, दीपक अग्रवाल, शशिकांत मोदी, नरसिंह मोदी, अनिल गुप्ता, राजेश तिवारी, शिवम शुक्ला, मयंक सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कर्मचारियों को किया सम्मानित



श्रम दिवस पर छात्र-छात्राओं ने चार्ट पर बिखेरे मेहनत के रंग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। सहयोगी स्टाफ जैसे सफाई कर्मी, माली, सुरक्षा गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद छात्रों ने श्रम के महत्व को दर्शाते हुए कविता, भाषण एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि श्रम ही सफलता की कुंजी है और हर श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ है। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके बिना विद्यालय का सुचारु संचालन संभव नहीं है। उप-प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने छात्रों को श्रमिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना रखने का संदेश दिया, वहीं प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कर्मचारियों के समर्पण की प्रशंसा की।

## सिटी डायरी

### रुविवि की छात्रा नमरा मिर्जा को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रथम स्थान



**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सीएसआईटी विभाग की छात्रा नमरा मिर्जा ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नमरा ने केसीएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंडिया 2047: वैश्विक साझेदारी, आर्थिक विकास और नए भारत का उदय में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्हेंने डॉ. अनिल कुमार बिष्ट के निर्देशन में एजुकेशन 5.0 की पुनर्परिभाषा: भारत के 2047 तक आर्थिक परिवर्तन के लिए एआई और मानव बुद्धिमत्ता का समन्वय विषय पर शोध कार्य किया। शोध पत्र को सत्र अध्यक्ष, सह-अध्यक्ष और उपस्थित विशेषज्ञों की ओर से सराहा गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने उपलब्धि को विश्वविद्यालय और सीएसआईटी विभाग के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए छात्रा और उनके मार्गदर्शक को बधाई दी।

### पंजाबी महासभा ने लंगर व कन्या विवाह सहायता में बढ़ाए कदम



**बरेली, अमृत विचार:** पंजाबी महासभा ने विधवा पेंशन योजना के 131 महीने पूरे कर लिए। शुक्रवार को श्री बांके बिहारी मंदिर के योगा हॉल में पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि महासभा ने अब तक 900 से अधिक लंग किए हैं। घोषणा की गई कि अब लंगर में पूरी-आलू के साथ जलेबी का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। संस्था अब तक 93 निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग कर चुकी है। आगे से पात्र परिवारों को सरकारी योजना के तहत मिलने वाली 20 हजार रुपये की सहायता दिलाने में भी मार्गदर्शन किया जाएगा ।संस्था का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग को यह भरोसा दिलाना है कि वे अकेले नहीं हैं। कार्यक्रम में देवराज चंदोक, नमित गुलाटी, संजीव आनंद, संजीव गुलाटी, अमित अरोड़ा, किशन आदि उपस्थित रहे।

### एआरपी योग परिवार ने शरबत पिलाकर दिया सेवा का संदेश



**बरेली, अमृत विचार:** आशीष रॉयल पार्क योग परिवार की ओर से बुद्ध पूर्णिमा एवं अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गर्मी से राहत दिलाने के लिए लोगों को शरबत पिलाया गया। योग परिवार के अध्यक्ष केएन सहगल ने भगवान बुद्ध के शांति व करुणा के विचारों और श्रम के सम्मान पर जोर देते हुए आपसी भाईचारा बढ़ाने का आह्वान किया। सुरेश चंद्र आर्य, डॉ. सुबोध दीक्षित, सुनील कुमार, वीरपाल सिंह, वीर विक्रम, कृष्ण कुमार अग्रवाल, मनोरथ वर्मा सहित अनेक योग प्रेमी उपस्थित रहे।

### मजदूर दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे वर्कशॉप इज्जतनगर में मजदूर दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मेदांता लैब्स मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की ओर से किया गया। कलेक्शन सेंटर के संचालक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में कर्मचारियों की नि:शुल्क कैल्शियम जांच की गई। राजीव शर्मा, आरपी चौधरी, सतीश बघेल, लक्ष्य अग्रवाल, प्रदीप चतुर्वेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हिवा ने एमएससी जूलॉजी में किया टॉप, ऋषभ आईएससी में उभरे



हिवा नूर



ऋषभ सक्सेना



नगमा निगार



कमल कुमार

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध जेपीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एमएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणामों में हिवा नूर ने 78.33% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नगमा निगार ने 74.5% अंकों के साथ द्वितीय और कमल कुमार ने 73.5% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।संस्थान के चेयरमैन योगेश पटेल, एमडी एआर वैभव पटेल और डायरेक्टर डॉ. मनोज कांडपाल ने छात्रों को बधाई दी और जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मो. नईम और प्रवक्ता अंबिका यादव की सराहना की।

वहीं, सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्र ऋषभ सक्सेना ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने जेई मेंस में 99.82 परसेंटाइल हासिल किए। डायरेक्टर प्रदीप दास गुप्ता और अनामिका आदित्य ने ऋषभ को बधाई दी।

# बीआईयू की डॉ. सुम्बुल खान को मिला बेस्ट सीनियर फैकल्टी अवॉर्ड

- **पुडुचेरी की नोवेल रिसर्च एकेडमी ने फिजियोथेरेपी में योगदान के लिए चुना**
- **कुलपति डॉ. लता अग्रवाल बोलीं- शोध के संकल्प को मिली अब नई ताकत**



आवार्ड प्राप्त करतीं डा. सुम्बुल खान। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के एलाइड और हेल्थकेयर साइंसेज संकाय की शिक्षिका डॉ. सुम्बुल खान को प्रतिष्ठित 'बेस्ट सीनियर फैकल्टी अवॉर्ड 2025-26' से नवाजा गया है। पुडुचेरी स्थित नोवेल रिसर्च एकेडमी द्वारा डॉ. खान को यह सम्मान फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण, उच्च स्तरीय शोध और शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

डॉ. सुम्बुल की इस सफलता पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि ऐसी उपलब्धियां विश्वविद्यालय के शोध और गुणवत्तापरक शिक्षा के संकल्प को सशक्त बनाती हैं। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान हमारे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और संकाय सदस्यों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। डॉ. सुम्बुल खान की यह उपलब्धि फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में भविष्य संवार रहे छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।